# विभिन्न मामलों में दो दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस ने विभिन्न मामलो में दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। जिसमें एक्साईज एक्ट के दो, आर्म्स एक्ट के दो, पुलिस एक्ट के सात, सीआरपीसी एक्ट में नौ, गिरफ्तारी वारंट के चार आरोपी शामिल हैं।

सीआई छुट्टनलाल मीणा ने बताया कि एसपी राजकुमार चौधरी के निर्देषानुसार व डीएसपी पूजा नागर के निर्देषन में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी अभियान के चलते आर्म्स एक्ट में शकावत निवासी कसाई मोहल्ला व जाकिर निवासी टॉवर कॉलोनी को, पुलिस एक्ट में दीपू प्रजापति निवासी गुना, रमेश काछी, सीताराम काछी,

■ अचानक हुई कार्रवाई से हड़कंप मचा

धनराज काछी निवासीगण खांखरा, मुकेष काछी व राजू काछी निवासी टोड़ी मोहल्ल्ला, मुकेष माली को तथा सीआरपीसी की कार्रवाई में ओमप्रकाष गालव निवासी बालापुरा, भीमा लुहार निवासी छबड़ा, आमिर सोहेल निवासी जोहरीपुरा, कमलेष राव निवासी टॉवर कॉलोनी,इरशाद निवासी मोती कॉलोनी, राजू उर्फ बांक्या व षेर खान निवासी जोषी कॉलोनी, संजय निवासी जोगी मोहल्ला, खालिद निवासी पुराने थाने के पास एवं न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की पालना में लटूर षाह निवासी कसाई मोहल्ला, रितिक वाल्मिकी निवासी श्रीराम कॉलोनी, निसार निवासी टॉवर कॉलोनी, हुसैन बैग निवासी कसाई मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया हैं। वही, एक्साईज एक्ट में गुलाबसिंह लोधा निवासी सेमली (बापचा) को 45 क्वार्टर देषी षराब, सावन वाल्मिकी को 5 लीटर अवैध हथकढ़ कच्ची षराब सहित गिरफ्तार किया। सीआई मीणा के अनुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा।




पुलिस ने विभिन्न मामलो में दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# युवा दल ने जरूरतमंद व पीड़ित एक मुस्लिम परिवार की मदद की

**रामगंजमंडी** (निसं)। मोडक स्टेशन में नाले के पास मुस्लिम बस्ती में रहने वाले शाहबुद्दीन के परिवार पर एक अप्रैल को दुख का पहाड़ टूट पड़ा जब शाहबुद्दीन के जवान लडके मो0 शरीफ जो ट्रक पर क्लीनर का कार्य करता था।जयपुर मे माल भरते समय ट्रक से नीचे गिर गया और ट्रक का टायर उसके पांव पर फिर गया।इस दुर्घटना में मो. शरीफ के पांव की दो हड्डिया टूट गई और जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आपरेशन हुआ।आपरेशन होने के बाद ट्रक के मालिक मोडक निवासी असलम मिस्त्री ने मो. शरीफ को मोडक एम्बुलेन्स से छोड़ने के बाद कोई सुध नही ली।

**परिवार में अकेला कमाने वाला था मो. शरीफः-** मो. शरीफ उम्र 20 वर्ष पूरे परिवार में अकेला कमाने वाला था। इनके पिता मो. शाहबुद्दीन को 15 वर्ष पहले जहरीले जानवर चीतल ने काट लिया था वो तभी से विकलांग होकर बैसाखी के।सहारे चल रहे हैं। शरीफ दुर्घटना के बाद से बिस्तर पर है और तीन महीने का डॉक्टरों ने रेस्ट बताया है।ऐसे में परिवार पर रोजी रोटी का व लडके शरीफ की। दवाई गोली और कोटा दिखाने का संकट खड़ा हो गया।पंचायत समीति सदस्य नईमउद्दीन ने इस परिवार पर आये संकट से समाजसेवी युवा दल सचिव राजकुमार पारख को सोमवार को अवगत कराया।

**मोडक स्टेशन जाकर ग्यारह हजार की मदद कीः-** पिता के विकलांग होने एवम् लडके के एक्सीडेंट से फैक्चर हो जाने की बात सामने आने पर मंगलवार को सुबह।युवा दल सचिव राजकुमार पारख स्वयं मोडक स्टेशन इनके घर पहुंचे और पूरी स्थिति देखने के बाद युवा दल की तरफ से इस परिवार को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।सहयोग राशि प्राप्त होने के बाद शरीफ उसके पिता शाहबुद्दीन माँ खेरून और पंचायत समीति सदस्य नईमउद्दीन ने समाजसेवी राजकुमार पारख का आभार व्यक्त किया।

# बूंदी पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार किया

**बूंदी** (निसं)। प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अपराधों में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ शुरू किए गए ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर बूंदी पुलिस ने 16 घण्टो में 237 जगहो दबिश देकर जिले भर में 400 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया की ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत जिले के सभी शातिर बदमाश, हार्डकोर अपराधियों, स्थाई वारंटी, नशे के तस्कर पकड़े गए है। रात भर चली धरपकड़ के दौरान पुलिस की कार्यवाही से अपराधियों में हड़कंप मच गया।

जिले भर में पुलिस की 56 टीमो के जवानो ने दबिश देकर कार्यवाही को अंजाम दिया। कोतवाली और सदर थाने में 100 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें अपराध छोडने की हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने सदर थाने में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की अपराधी अपराध करना छोड़ दे या जिला छोड़कर चले जाए। खुद तो अपना जीवन अपराध की ओर धकेल चुके हो, युवाओं को भी अपराधी बना रहे है। आपरेशन वज्र प्रहार निरंतर जारी रहेगा।

इसके पहले भी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विभिन्न थानो में 281 अपराधियों को पकड़ा था।पुलिस अधीक्षक द्वारा एक ही दिन में 400 से अधिक अपराधियों को पकड़ने की कार्यवाही अब तक कि सबसे बड़ी कार्यवाही है।

इस कार्यवाही से अपराधियों में भय का माहौल है। अपराधी अब अपराध करने से पहले कई बार सोचने को मजबूर हो जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल, डिप्टी, हेमंत नोगिया, सदर थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज मौजूद रहे।

# सीईओ ने महंगाई राहत कैंपों का दौरा किया

**बूंदी** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत आमजन को लाभान्वित किये जाने के लिए चलाये जा रहे मंहगाई राहत कैंपों का मंगलवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी करतार सिंह ने दौरा किया तथा कैंप की व्यवस्थाओं का जायेगा लिया।

उन्होंने पंचायत समिति नैनवां की ग्राम पंचायत भजनेरी में कैम्प कार्यशैली को विस्तार से परखा तथा सभी विभागों द्वारा लगाये गए डेस्क पर जाकर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान विकलांग दशरथ ढोली को विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करवाया गया। उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी 10 दिवस में लाभार्थी दशरथ ढोली को नियमानुसार ट्राई साईकिल आवंटित कर दी जावे।

सीईओ करतार सिंह ने कैंप व्यवस्थाओं की सराहना की तथा आगंतुक आमजन में से सभी पात्र व्यक्तियों को राज्य सरकार की गाईडलाईन अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत समिति केपाटन की ग्राम पंचायत घाट का बराना के महंगाई राहत कैंप का भी दौरा किया।

इस दौरान नैनवां उपखण्ड अधिकारी शत्रुघ्न सिंह गुर्जर, नैनवां विकास अधिकारी डॉ. सरोज बैरवा, नायब तहसीलदार संग्राम सिंह व पृथ्वी सिंह, सहायक विकास अधिकारी पारस जैन आदि मौजूद रहे।



सीईओ करतार सिंह ने महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा किया।

## पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा

**बून्दी** (निसं)। पिछले तीन माह से शहर मे हो रहे आवारा मवेशियों के आतंक को लेकर पार्षदों के प्रतिनिधी मंडल ने जिला कलक्टर महोदय के नाम उपखंड अधिकारी बूंदी को ज्ञापन सौंप कर आवारा मवेशियों का स्थाई समाधान करवाकर जनता को राहत पहुंचाने की मांग की। पार्षदों ने बताया के इस विषय को बोर्ड मीटिंग में जोड़ने के लिए आयुक्त महोदय को बोर्ड मीटिंग के पत्र पर लिखकर दिया था, परंतु आयुक्त द्वारा इस विषय को अनदेखा किया गया अगर समय पर समाधान होता, तो मंजूर अहमद की मृत्यु नहीं होती और ना ही लोग घायल होते। पार्शदों ने साथ ही मृतक मंजूर अहमद के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने की मांग करते हुए भविष्य मे कोई घटना ना हो इसलिए समय रहते समाधान की मांग की।

पार्षदों ने इस विषय मे 17 अप्रैल को ज्ञापन देकर आवारा मवेशियों से जनता को बचाने की मांग की थी। उसके बाद नगर परिषद ने आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान शुरू किया था परंतु उस अभियान को भी आयुक्त द्वारा गौशाला में जगह नहीं होने की बात बोलकर रविवार से बंद कर दिया गया हैं।

इस पर पार्षदों ने जनता के बीच से आवारा मवेशियों को हटाकर वैकल्पिक रूप से नगर परिषद की भूमि पर चारे पानी की व्यवस्था करके रखने का सुझाव दिया।

# विधायक सिंघवी ने अभाव-अभियोग सुने

**छबडा,** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मंगलवार को दिलोद एवं मूंडला ग्राम पंचायत का दौरा कर ग्रामीणो के अभाव अभियोग सुने। दौरे में कोलूखेडा गांव में क्रय विक्रय सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष रामकरण नागर ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वही, विधायक सिंघवी ने दिलोद में आयोजित प्रषासन गांव के संग षिविर में भाग लिया और कांग्रेस सरकार पर आमजन को परेषान करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने विधायक सिंघवी को कोलूखेडा और खेडली के मध्य एक एनीकट बनाने की मांग करते हुए बताया कि अडाणी पॉवर प्रोजेक्ट पार्वती नदी से पानी का उपयोग तो करता है लेकिन सीएसआर मद से छबडा-छीपाबडौद में किसी भी प्रकार का कार्य नही करता है। इस पर विधायक ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार से अडाणी पॉवर प्रोजेक्ट के सीएसआर मद से गांवो का भी विकास कार्य करवाए जाने की मांग की। भाजपा में षामिल होने पर रामकरण नागर का विधायक सिंघवी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पष्चात् आनंदपुर, आलमपुरा, नरसिंहपुरा, बीलखेडा, कंचनपुरा, सागोडा, कडीखेडी, सोनी, मुण्डला के गांव कछावन, उमरथाना, खेडी, शेखापुर, हलगना, मुण्डला, बल्हारपुर आदि गांवो का दौरा कर ग्रामीणो के अभाव अभियोग सुने और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के षीघ्र ही निस्तारण करने के निर्देष दिए। इस अवसर पर प्रधान हरिओम नागर, पंचायत समिति सदस्य भूमिप्रभाकर गालव, हरिओम नागर, मोहनलाल नागर, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण मीणा, शिवचरण गोलानिया, प्रेम मीणा, रामप्रसाद नागर, ओमप्रकाश, रामेश्वरम नागर, सूरजमल हरिप्रसाद, जालमसिंह, बालकिशन, लक्ष्मीचंद, हरिप्रसाद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक सिंघवी ने दिलोद में आयोजित प्रशासन गांवो के संग शिविर में पहुंच आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार को अपने अंतिम छह माह में आमजन की सुध आ हैं। सरकार इन शिविरो के माध्यम से सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर अपने चुनाव प्रचार में जुट गई है। सिंघवी ने सरकारी कर्मचारियों की हडताल का मुद्दा भी उठाते हुए आमजन के कार्य नही होने की बात कही और कहा कि पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के समय भामाशाह कार्ड पर वसुंधरा राजे का फोटो लगाने पर इन्ही कांग्रेस के नेताओ ने विरोध जताया था, जो अब स्वयं इन शिविरो के माध्यम से प्रचार सामग्री पर अपने फोटो लगाकर दुरूपयोग कर रहे है।

# शिविर में विकलांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे

**छबड़ा,** (निसं)। पंचायत समिति परिसर में पांच मई सुबह दस बजे मेगा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विकलांग प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। तालुका विधिक सेवा समिति सचिव हनुमान मीणा ने बताया कि शिविर में न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के एमएसीटी (वाहन दुर्घटना दावा) के प्रकरणों में विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाए जाने और शिविर में उपस्थित व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच कर (दृष्टिहीन, हाथ-पैर) आदि के लिए स्था विकलांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए कार्यालय प्रमुख, चिकित्सा अधिकारी शहीद राजमल मीणा राजकीय जिला चिकित्सालय बारां द्वारा मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। डॉ. चेतन मालव चिकित्सा अधिकारी (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ संजय मीणा चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ हरिओम बैरवा चिकित्सा अधिकारी (सर्जरी) द्वारा विकलांग प्रमाण पत्र जारी करेंगे। सभी विभागो के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां देगें। विकलांग प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज (जैसे एफआईआर, आधार कार्ड व डिस्चार्ज टिकट की फोटोप्रतियां पूर्ण पासपोर्ट साइज फोटो जिसमे अपंग अंग स्पष्ट रूप से दिख रहा हो) आदि होना अनिवार्य हैं।

# मच्छरों से होने वाले रोग एवं उनके बचाव के तरीकों को बताया

**बूंदी** (निसं)। विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभाकर व्यास ने ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर एंटी मॉस्किटो एवं एंटी लारवल एक्टिविटी देखी साथ ही जनमानस को मच्छरों से होने वाले रोग एवं उनके बचाव के तरीकों को बताया।

रुके हुए पानी के स्त्रोतों को चिन्हित कर कार्यवाही जांची ।ब्लॉक के वरिष्ठ तकनीकी सहायक पुष्पेंद्र मीना ने निरीक्षण के दौरान संभावित रोगियों की बनने वाली ब्लड स्लाइड के गुणवत्ता की जांच करी। सुधारात्मक निर्देश दिए। मलेरिया डेंगू जैसे मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु बूंदी ब्लॉक की चिकित्सा संस्थाओं में शक्ति दिवस के साथ विश्व मलेरिया दिवस के तहत एक साथ कार्य किया गया। व्यास ने एमएलओ, टेमिफोस, पायरेथ्रम, गंबूसिया मछली की उपलब्धता जांची एवम आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हेतु दिशा निर्देश दिए। डॉ प्रभाकर व्यास ने ग्रामीणों से बात कर दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए तरीके बता कर लोगों को जागरूक किया।

बताया कि शरीर को ढक कर रखें अपने आसपास साफ सफाई रखें, पानी को इकट्ठा ना रहने दें समय-समय पर पानी के स्त्रोतों को खाली कर नियमित सफाई करें। मलेरिया मादा एनाफ्लीस नामक मच्छर के काटने से उसमे पाए जाने वाले परजीवी प्लास्मोडियम से होता है।जिसके चार प्रकार होते है, पी मलेरी, पी ओवल, पी वायवेक्स, पी फालसीफेरम।जिसमे से दिमागी बुखार के रूप में पी फालसीफेरम खतरनाक सिद्ध हो सकता है।गर्मी के मौसम पक्षियों के पीने हेतु जो परिंडे बांधे जा रहे हैं उन्हे नियमित साफ करके भरें, कूलर का पानी लगातार खाली करके सुखाकर नया भरे, फ्रीज की ट्रे को नियमित खाली करते रहें।

पशुओं के पानी पीने की खेल को नियमित उपचारित करते रहे,अपने आसपास यदि रुका हुआ पानी देखें तो जनमानस के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए उपचारित करने की पहल करते हुए चिकित्सा विभाग के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की।विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बूंदी डॉ प्रभाकर व्यास के निर्देश पर की गई कार्यवाही में वरिष्ठ तकनीकी सहायक पुष्पेंद्र मीणा ने बताया कि पूरे बूंदी ब्लॉक में 2210 अलग अलग पानी के स्त्रोतों को खाली कर उपचारित किया गया।

# 'राज्य सरकार जनकल्याण के लिए समर्पित'

■ सड़क के भूमि पूजन कार्यक्रम में बरडवासी उमड़े

■ 239 करोड़ की लागत से निर्माण होगा

**डाबी** (निसं)। बरूंधन चौराहे से लक्ष्मीपुरा डाबी लांबा खो से राणा जी का गुड़ा तक की 50 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य शुभारंभ हेतु आज भूमि पूजन कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने कहा राजस्थान सरकार जनता के कल्याण के लिए पूरी तरह से समर्पित हे चाहे व्यक्तिगत लाभ की योजना हो या सार्वजनिक राहत प्रदान करने का काम हो। 239 करोड रुपए की लागत से बनने वाली सड़क से क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग क्षेत्र की जनता को केवल मात्र राजनीतिक लाभ लेने के लिए गुमराह कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी का जनप्रतिनिधि नहीं होने के बाद भी हजारों करोड़ रुपए की सौगात दी है, जिसके लिए सभी बूंदी वासियों की ओर से हम उनका आभार प्रकट करते हैं। राज्य सरकार जनता के कल्याण के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर काम कर रही हैं। उन्होंने सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी आव्हान किया कि राहत कैंप में बढ़-चढ़कर गरीब जनता को लाभ दिलाने की दिशा में काम करें। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान मोहन लाल गुर्जर, पूर्व सरपंच रामनिवास गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य युवराज राठौर, ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री प्रकाश चंद जैन, जगरूप सिंह रंधावा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय तंबोली, डॉक्टर रंगलाल, मंडल अध्यक्ष डाबी कन्हैया लाल मेघवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तालेडा प्रेमशंकर राठौर ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान ओमप्रकाश राठौर, डाबी मण्डल प्रवक्ता किशन लाल बंजारा,भोजराज भड़क, कन्हैया लाल गुर्जर, अंकित जैन ,महावीर गुर्जर देवरिया, रामदेव भाट, पंचायत समिति सदस्य बनवारी मीणा, महावीर सुमन, मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली, वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष इकरामुद्दीन बबलू, जमीतपुरा सरपंच बाबू दिन, बाजड़ सरपंच नाथू लाल बेरवा, राजमल गुर्जर, राजेश जैन, बुधपुरा अध्यक्ष जगदीश यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी मौजूद थे इससे पूर्व कांग्रेस जनों ने पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा का आभार प्रकट करते हुए 51 किलो के हार से अभिनंदन किया। भाजपा की वार्ड नंबर 6 से जिला परिषद सदस्य कंचन बाई भील प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना और पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुई जिन्हें पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर कांग्रेस परिवार में शामिल किया।



बरूंधन चौराहे से लक्ष्मीपुरा डाबी लांबा खो से राणा जी का गुडा तक की 50 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य शुभारंभ किया।

# रामगंजमंडी जिला बनाओ की मांग को लेकर धरना जारी

**रामगंजमंडी** (निसं)। रामगंजमंडी जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में 19 वें दिन मंगलवार को भी स्टेशन चौराहा गांधी चौक पर क्रमिक धरना जारी रहा।जिसमे सभी राजनीतिक दल, व्यापारी, सामाजिक संगठन एक साथ एक मंच पर रामगंजमंडी के विकास के लिए एक साथ हैं। मंगलवार को धरने से पूर्व मानव श्रंखला बनाकर मुख्यमंत्री का जिला बनाने की ओर ध्यानकर्षण करने का प्रयास किया व धरने पर बैठे।मंगलवार को धरने पर बैठने वालों में वार्ड नंबर 15, खाद्य व्यापार संघ,श्याम फाउंडेशन के साथ रामगंजमंडी तहसील के लोगों के साथ कोटा स्टोन स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह शक्तावत खाद्य पदार्थ व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश गांधी, अशफाक अली मोहम्मद रईस, योगराज शर्मा, श्री श्याम फाउंडेशन के राजेश मेहर ,नीलू टेलर ,सोनू राठौर ,गगन गुप्ता ,रमेशचंद सैनी, राहुल वर्मा, प्रकाश वर्मा, भैंरूलाल प्रजापति, मांगीलाल काला,मोहन काला, आदि धरने पर बैठे।

## सार-समाचार

### महंगाई राहत कैंप का जायजा लिया

**डाबी/तालेडा** (निसं)। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बुधपुरा में महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा दी गई भागीरथी योजनाओं की सर्वत्र सराहना हो रही है और लाभार्थियों का प्यार और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता के जीवन स्तर में परिवर्तन आना निश्चित है, और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की गई महंगाई से कुछ हद तक राहत पाने का काम इन योजना द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर, पूर्व अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय तंबोली बूंदी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम किरण मीणा, पूर्व अध्यक्ष चेतराम मीणा, नगर परिषद सभापति लटूर भाई ,ग्राम पंचायत के अध्यक्ष जगदीश यादव, यशवंत दाधीच, शुभदाथिच, प्रभु चादंना, मोहन चांदना सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### घर बैठे योजनाओं का लाभ मिला

**बूंदी** (निसं)। राज्य सरकार का बढ़ती महंगाई से राहत देने के संकल्प के साथ शुरू किए गए महंगाई राहत कैम्पों से आमजन को घर बैठे राहत मिल रही है। आमजन को राहत कैंपों की सबसे अच्छी बात लग रही है कि उन्हें सारी प्रक्रियाएं एक ही स्थान पर पूरी कर योजनाओं का हाथो हाथ लाभ दिया जा रहा है। बडगांव निवासी मांगू लाल को राहत कैंप में एक साथ 6 योजनाओं का लाभ मिला तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। राहत कैंप में पहुंचे मांगू को प्रतिमाह 100 यूनिट फ्री बिजली, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से 25 लाख, चिरंजीवी दुर्घटना योजना में 10 लाख, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा, 500 रुपए मे सिलेंडर का लाभ मिला। प्रसन्नता जताते हुए उसने कहा कि मुख्यमंत्री ने मंहगाई के इस समय में उसके जैसे निर्धन व्यक्तियों के लिए मंहगाई राहत कैंप लगाकर गरीब व्यक्तियों के प्रति सेवा के भाव की संकल्पना को साकार कर दिया है।

### परिचय कार्ड वितरण किए

**रावतभाटा,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'बूथ विजय- संकल्प हमारा' के अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के आदेश अनुसार बूथ शक्ति केंद्र प्रभारी श्रीमती शीला शर्मा द्वारा बूथ अध्यक्षों को परिचय कार्ड वितरण किए गए और आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर हर बूथ अध्यक्ष को अपने नीचे वाले पन्ना प्रमुखों को साथ लेकर भाजपा को हर बूथ पर विजय दिलाने का संकल्प दिलाया गया। कार्ड प्राप्त करने वालों में बूथ अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह कच्छावा,शोभा लाल कश्यप और जसवंत सिंह कच्छावा मौजूद थे। शक्ति केंद्र प्रभारी शीला शर्मा ने बताया कि परिचय कार्ड वितरण के इस कार्यक्रम में मंडल महामंत्री उमेश श्रोत्रीय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मंडल उपाध्यक्ष दिलीप शिकारी और कार्यकर्ता लोकेश बैरागी उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

**बूंदी** (निसं)। मंगाल गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को लंबे समय से बंद पडे हुए सड़क निर्माण कार्य को शुरू कराने की मांग का सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा तथा ठेकेदार से बंद पडे सडक निर्माण कार्य को तुरंत शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार द्वारा लंबे समय से सड़क को खोदकर छोड़ दिया है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोड खुदा होने से लोग इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। साथ ही मुख्य सड़क पर कई अतिक्रमण हो रहे हैं जिसके कारण भी सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने 15 दिन के भीतर सडक निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया एवं सहायक अभियंता को सडक निर्माण में आ रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दलबीर यादव भैंरू प्रकाश शर्मा रामचरण शर्मा, लोकेश, हेमराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर कार्यकम आयोजित

**बूंदी** (निसं)। स्वर्गीय किशनी बाई गुलाबवानी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्य आयोजित हुए। शिव कीर्तन मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी ने बताया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह गौ सेवा के तहत गायों को हरा चारा डाला गया। जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया। कबूतरों को दाना व बंदरों को सब्जियां आदि खिलाई गई। इसके उपरांत वैद्यनाथ महादेव मंदिर में शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के तत्वाधान में कीर्तन आयोजित मंडल की सदस्य स्वर्गीय किशनी बाई को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही पुण्यतिथि के उपलक्ष में गीता प्रेस की धार्मिक किताबें आधी कीमत पर दी गई। अंत में राहगीरों को फलाहार ठंडाई का प्रसाद वितरण किया गया साथ ही कीर्तन का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर शिव कीर्तन मंडल व शिव महिला मंडल के महिला पुरुष मौजूद रहे।

### योजनाओं की सराहना की

**बूंदी** (निसं)। तालेड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बुधपुरा में महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा दी गई भागीरथी योजनाओं की सर्वत्र सराहना हो रही है और लाभार्थियों का प्यार और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता के जीवन स्तर में परिवर्तन आना निश्चित है, और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की गई महंगाई से कुछ हद तक राहत पाने का काम इन योजना द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर, पूर्व अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय तंबोली बूंदी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम किरण मीणा, पूर्व अध्यक्ष चेतराम मीणा, नगर परिषद सभापति लटूर भाई, ग्राम पंचायत के अध्यक्ष जगदीश यादव, यशवंत दाधीच, शुभदाथिच, प्रभु चादंना, मोहन चांदना सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### कंप्यूटर कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ बूंदी द्वारा मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया गया। जिसमें बूंदी जिले के सभी सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायकों ने कार्य बहिष्कार रखा। कार्य बहिष्कार से जिले के विभिन्न कार्यालयों में काम बंद रहा, जिससे जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, जनाधार, राशन कार्ड आदि के कार्य प्रभावित रहे। संघ के अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा हमारी मांगे नहीं माने जाने की स्थिति में 3 मई 2023 से जयपुर में महापड़ाव किया जाएगा। इस दौरान रवीश मीणा, हंसराज नागर, नरेश नागर, भीम सिंह गुर्जर, दिवाकर सोनी, जोहनेश सोलंकी, संजय डाबी, प्रमोद वर्मा , पुष्यमित्र जैन, अरुण शर्मा, घनश्याम नागर आदि मौजूद रहे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 को

**छबड़ा,** (निसं)। कस्बे के बटावदापार गांव में किराड क्षत्रिय समाज द्वारा 21 मई को आदर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष कल्याणसिंह दिनाथ, कृशणमुरारी मेहता, अमृतलाल ने बताया कि मानव जीवन के सोलह संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण विवाह संस्कार है। इसके लिए दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से विवाह योग्य युवक-युवतियों की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से ही की जाती है। प्रतिवर्ष वैशाख माह में क ग्रामों में सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। सम्मेलनों का उद्देश्य फिजूलखर्ची रोककर समाजजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### कार्यकारिणी का विस्तार किया

**बून्दी** (निसं)। बीजेपी महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष श्रीमती संध्या शर्मा ने जिला महामंत्री मोनिका शेरगढिया की अध्यक्षता में शहर की महिला मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें अतिथि के रूप में साधना श्रंगी, जिला मंत्री रजनी छाबडा, ममता शर्मा मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों में शहर महामंत्री बबीता दाधीच, नीलू सेन शहर उपाध्यक्ष, आशा नायक, बीना नायक शहर मंत्री, रितु भाटिया, सुनीता शर्मा, मोना शर्मा, अनुसूया शर्मा, मीडिया प्रभारी नेहा भाटिया व सदस्य सुप्रिया धाबाई, कुसुम शर्मा, सुनीता सनाढ्य, सुमित्रा शर्मा, किरण को शपथ ग्रहण करवाया।